तुमको तुम्हारे बेटे पुकारे

तुमको तुम्हारे बेटे पुकारे,
आ जाओ मैया घर में हमारे,
तुमको तुम्हारे बेटे पुकारे,
आ जाओ मैया घर में हमारे....

बेटे तुम्हारे लाखों है मैया,
किसी का महल है,
किसी की है कुटिया,
तुम्हे एक जैसे लगते है सारे,
आ जाओं मैया घर में हमारे,
तुमको तुम्हारे बेटे पुकारें,
आ जाओ मैया घर में हमारे.....

ना हिरे ना मोती ना,
जवाहरात है माँ,
ना ही अमीरों की,
यहाँ ठाठ है माँ,
मगर तेरा मंदिर है,
दिल में हमारे,
आ जाओं मैया घर में हमारे,
तुमको तुम्हारे बेटे पुकारें,
आ जाओ मैया घर में हमारे.....

दिन रात तेरी, सेवा करेंगे,
बिठाकर के पलकों में,
तुमको रखेंगे,
'सोनू' तुम्हारी बाट निहारे,
आ जाओं मैया घर में हमारे,
तुमको तुम्हारें बेटे पुकारे,
आ जाओ मैया घर में हमारे........

https://alltvads.com/bhajan/lyrics/id/25022/title/tumko-tumhare-bete-pukaare

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |